भारत सरकार

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्याः 2685**

उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024 (बुधवार)

20 अग्रहायण, 1946 (शक)

**प्रश्न**

**पीएम-डिवाइन के अंतर्गत परियोजनाएं**

**2685. श्री प्रद्युत बोरदोलोईः**

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) के अंतर्गत सरकार द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा इसके लिए वर्ष-वार कितनी धनराशि निर्धारित की गई है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान पीएम-डिवाइन के लिए निर्धारित निधि की तुलना में इस योजना के अंतर्गत उपयोग के लिए वास्तव में स्वीकृत निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) चल रही परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति का ब्यौरा क्या है तथा उनके पूरा होने की मूलतः अभीष्ट तिथियां क्या हैं; और

(घ) क्या पीएम-डिवाइन के अंतर्गत सभी परियोजनाएं 2025-26 तक पूरी की जानी हैं तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) और (ख) पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री की विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केंद्रीय बजट 2022-23 में 1,500 करोड़ रुपये के प्रारंभिक परिव्यय और 100% केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम के रूप में घोषित किया गया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 12 अक्टूबर, 2022 को वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2025-2026 तक की अवधि के लिए 6,600 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ इस स्कीम को मंजूरी दी।

स्कीम के तहत 30.11.2024 तक 4,857.11 करोड़ रुपये की कुल 35 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत परियोजनाओं और जारी निधियों का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार हैः-

| वर्ष | स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण | | जारी निधि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| | परियोजनाओं की संख्या | परियोजनाओं की लागत (करोड़ रु. में) | |
| 2022-23 | 7 | 646.06 | 121.19 |
| 2023-24 | 18 | 3,437.27 | 7.78 |
| 2024-25 (नवंबर, 2024 तक) | 10 | 773.78 | 540.29 |

(ग) वास्तविक प्रगति तथा पूर्णता की निर्धारित तिथि सहित इन 35 परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) स्कीम के तहत 35 परियोजनाओं में से 28 परियोजनाएं वर्ष 2023-24 और चालू वर्ष के दौरान ही स्वीकृत की गई हैं। किसी परियोजना की पूर्णता की सामान्य समयसीमा कार्य सौंपे जाने के बाद 2 से 3 वर्ष होती है।

*****

अनुबंध

"पीएम-डिवाइन के अंतर्गत परियोजनाएं" के संबंध में लोक सभा में दिनांक 11 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 2685 के उत्तर के भाग (ग) में संदर्भित अनुबंध

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य सरकार / एजेंसी | वास्तविक प्रगति | पूर्णता की अभीष्ट / निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पश्चिम सिक्किम में पेलिंग से सांगा-चोएलिंग तक यात्री रोपवे प्रणाली के लिए गैप फंडिंग - 108.39 करोड़ रुपये की कुल लागत में से 63.39 करोड़ रुपये (58%) की लागत से | सिक्किम | कार्य पूर्ण हो गया | एनए |
| 2 | दक्षिण सिक्किम में धापर से भालेधुंगा तक पर्यावरण के अनुकूल यात्री रोपवे (केबल कार) के लिए गैप फंडिंग - 209.57 करोड़ रुपये की कुल लागत में से 57.82 करोड़ रुपये (28%) की लागत से | सिक्किम | कार्य पूर्ण हो गया | एनए |
| 3 | मिजोरम राज्य के विभिन्न जिलों में विभिन्न स्थानों पर बांस लिंक सड़कों के निर्माण के लिए पायलट परियोजना - (i) 33.58 करोड़ रुपये की लागत से तुईरियल एयरफील्ड से उत्तरी चलतलांग (18 किमी); और (ii) 66.42 करोड़ रुपये की लागत से लेंगपुई से सैफल बांस बागान (41 किमी) | मिजोरम | 28% | 31-01-2025 |
| 4 | नैक्टर आजीविका सुधार परियोजना (बहु-राज्य) - मूल्य वर्धित उत्पादों के लिए केले के स्यूडो स्टेम का उपयोग | नैक्टर | 32% | 31-03-2025 |
| 5 | पूर्वोत्तर भारत में वैज्ञानिक जैविक कृषि को बढ़ावा देना (बहु-राज्यीय) | नैक्टर | 33% | 16-02-2026 |
| 6 | पूर्वी नागालैंड के विशेष विकास से संबंधित आजीविका परियोजनाएं - (22) | नागालैंड | 30% | 31-12-2025 |
| 7 | कामरूप जिले में 20 स्कूलों का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में रूपांतरण | असम | 55% | 30-11-2025 |
| 8 | पूर्वोत्तर भारत, गुवाहाटी में बाल चिकित्सा और वयस्क हेमेटोलिम्फोइड कैंसर के प्रबंधन के लिए समर्पित सेवाओं की स्थापना | बीबीसीआई, गुवाहाटी | 8% | 31-03-2026 |
| 9 | विद्युत विभाग, त्रिपुरा सरकार द्वारा त्रिपुरा में दूरस्थ बस्तियों को निर्बाध विद्युत की आपूर्ति के लिए सौर माइक्रो ग्रिड की स्थापना | त्रिपुरा | 30% | 31-12-2025 |
| 10 | गुवाहाटी, असम में मां कामाख्या एक्सेस कॉरिडोर का विकास | असम | कार्य आरंभ नहीं हुआ है | 31-03-2026 |
| 11 | शिवसागर जिला, असम में मेडिकल कॉलेज का निर्माण (प्रवेश क्षमता - 100) | असम | कार्य हाल ही में शुरु हुआ | 31-03-2026 |
| 12 | तुरा, वेस्ट गारो हिल्स जिले में आईटी पार्क का निर्माण | मेघालय | 23% | 27-05-2027 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | मणिपुर तकनीकी विश्वविद्यालय (एमटीयू), इम्फाल पश्चिम जिले के लिए अवसंरचना का विकास | मणिपुर | 25% | 25-01-2026 |
| 14 | एजीएमसी और जीबीपी अस्पताल में 200 बिस्तरों वाले एमसीएच (मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य) विंग की स्थापना | त्रिपुरा | कार्य सौंपा नहीं गया है | एनए |
| 15 | नशीली दवाओं के आदी व्यक्तियों के लिए एकीकृत पुनर्वास केन्द्र की स्थापना। | त्रिपुरा | कार्य हाल ही में शुरु हुआ | 31-12-2025 |
| 16 | एलजीबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को जोड़ने वाली मौजूदा 2 लेन सड़क का 4 लेन सड़क में उन्नयन/चौड़ीकरण-वीआईपी जंक्शन से धारापुर जंक्शन तक, जिसमें (i) धारापुर में 4 लेन ग्रेड सेपरेटेड जंक्शन (ii) एसओएस जंक्शन से मौजूदा टर्मिनल भवन तक 2 लेन अतिरिक्त सड़क और (iii) मौजूदा टर्मिनल भवन से 2 लेन का अस्थायी निकास शामिल है। (पीडब्ल्यूडी) | असम | 28% | 25-02-2026 |
| 17 | अगरतला में डेंटल कॉलेज की स्थापना | त्रिपुरा | कार्य सौंपा नहीं गया है | एनए |
| 18 | न्यू शिलांग टाउनशिप में नई चार-लेन सड़क का निर्माण और मौजूदा दो-लेन सड़क को साइकिलिंग ट्रैक, यूटिलिटी डक्ट, फुटपाथ आदि के साथ चार-लेन में बदलना | मेघालय | 18% | 14-07-2026 |
| 19 | मंत्रीपुखरी, इम्फाल में मणिपुर आईटी एसईजेड के प्रसंस्करण क्षेत्र की अवसंरचना का विकास | मणिपुर | 2% | 06-08-2026 |
| 20 | मणिपुर में 60 बिस्तरों वाले राज्य मानसिक अस्पताल का निर्माण और उपकरणों से सज्जीकरण | मणिपुर | कार्य आरंभ नहीं हुआ है | 06-10-2026 |
| 21 | वेस्टर्न साइड पर आइज़ोल बायपास सड़क का निर्माण | मिजोरम | कार्य आरंभ नहीं हुआ है | 24-11-2026 |
| 22 | टेक सिटी, गुवाहाटी में अन्य सरकारी एजेंसियों के सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी) में एक डिजिटल डिजाइन और 3डी प्रिंटिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का प्रस्ताव | एमट्रॉन | 99% | 31-12-2024 |
| 23 | संबंधित लाइनों के साथ त्सिट्रोंगसे-दीमापुर में 220/132 केवी (2x100 एमवीए) और 132/33 केवी (2x50 एमवीए) के सब-स्टेशन का निर्माण | नागालैंड | 13% | 30-09-2026 |
| 24 | दक्षिण सिक्किम में भालेधुंगा, यांगंग में स्काईवॉक परियोजना | सिक्किम | 13% | 31-03-2026 |
| 25 | पश्चिम सिक्किम में पर्यटकों के आकर्षण के लिए सिंगशोर ब्रिज का ग्लास स्काईवॉक ब्रिज के रूप में रूपांतरण | सिक्किम | 11% | 31-03-2026 |
| 26 | ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना | अरुणाचल प्रदेश | कार्य आरंभ नहीं हुआ है | 31-12-2026 |
| 27 | धनमंजुरी विश्वविद्यालय (डीएमयू) के लिए अवसंरचना विकास | मणिपुर | कार्य आरंभ नहीं हुआ है | 09-04-2026 |
| 28 | पॉलिटेक्निकों में शैक्षिक अवसंरचना/सुविधा का विकास | नागालैंड | 25% | 31-10-2025 |
| 29 | सीआईएचएसआर में विकिरण कैंसर विज्ञान केंद्र का | नागालैंड | 5% | 01-12- |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | उन्नयन | | | 2025 |
| 30 | डॉ बी बरूआ कैंसर संस्थान (बीबीसीआई), गुवाहाटी, असम में एक कौशल विकास केंद्र की स्थापना | बीबीसीआई, गुवाहाटी | कार्य सौंपा नहीं गया है | एनए |
| 31 | मणिपुर के दुनिया के सबसे अनूठे पॉटरी आर्ट फॉर्म लोंगपी ब्लैक पॉटरी को बढ़ावा देने के लिए एक कलाकार गांव की स्थापना | एनईएचएचडीसी | कार्य आरंभ नहीं हुआ है | 30-06-2026 |
| 32 | वाखा, इम्फाल पूर्व में मणिपुर संस्कृति विश्वविद्यालय के लिए अवसंरचना विकास। | मणिपुर | कार्य सौंपा नहीं गया है | एनए |
| 33 | मावकडोक, सोहरा में स्काईवॉक और पर्यटक केंद्र का विकास | मेघालय | कार्य सौंपा नहीं गया है | एनए |
| 34 | मणिपुर में दूरदराज और पहाड़ी जिलों में सुपर स्पेशियलिटी और सुनिश्चित विशेषता स्वास्थ्य देखभाल (अवसंरचना और उपकरण) प्रदान करना | मणिपुर | कार्य सौंपा नहीं गया है | एनए |
| 35 | 100 छात्रों के वार्षिक प्रवेश के लिए सिचे, पूर्वी सिक्किम में मेडिकल कॉलेज के लिए गैप फंडिंग | सिक्किम | कार्य सौंपा नहीं गया है | एनए |

**एमट्रॉन:** असम इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

**बीबीसीआई:** डॉ. भुवनेश्वर बरूआ कैंसर संस्थान

**नैक्टर:** नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच

**एनईएचएचडीसी:** उत्तर पूर्व हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड

*****